**SCERT KERALA**

# FIRST TERM EVALUATION

**THIRD LANGUAGE**

## HINDI

**STD VIII** **TIME : 90 MINUTES**

**SCORE : 40**

**सूचना : 'जुलिया और लूना' कहानी का यह अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> 738 दिनों तक पेड़ काटने का इंतजार करने के बाद एक दिन वे आदमी चुपचाप वहाँ से जाने लगे। "वादा करो यहाँ के किसी भी पेड़ को कभी नहीं काटोगे।" लड़की ने सेठ से वादा ले लिया। सारे पेड़ बच गए।

1. सही प्रस्ताव चुनकर लिखें। 1

    क) सेठ पेड़ काटने में सफल हुआ। ख) सेठ ने पेड़ काटने का वादा किया।

    ग) सेठ पेड़ काटने में असफल हुआ। घ) सेठ ने पेड़ काटने का दावा किया।

2. "वादा करो यहाँ के किसी भी पेड़ को कभी नहीं काटोगे।" जुलिया ने सेठ से ऐसा वादा क्यों ले लिया? 2

3. 738 दिनों तक जुलिया ने लूना का संरक्षण करने के लिए पेड़ पर ही रहा। इसपर **समाचार** तैयार करें ? 4

    **अथवा**

    लूना के संरक्षण करने के लिए एक **पोस्टर** तैयार करें ।

**सूचना :'पेड़' कविता का यह अंश पढ़ें 4 से 6 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> पेड़ तुम पेड़ नहीं
> तुम दर्जी
> तुमने कितने सिले घोंसले
> कितनी सिलीं हवाएँ
> धूप सिली तो बिखर गईं
> कतरन-कतरन छायाएँ
> पेड़ तुम पेड़ नहीं
> तुम दर्जी

4. कवि ने पेड़ का किस रूप में वर्णन किया है? 1

5. धूप के सिलने पर छायाएँ बिखर गईं।

    -यह आशय वाली पंक्तियाँ कवितांश से चुनकर लिखें। 2

6. पेड़ कविता की आस्वादन टिप्पणी तैयार करें ? 4

© State Assessment Cell - SCERT Kerala

**सूचना : 'हाची की कहानी' का यह अंश पढ़ें प्रश्न 7 और 8 के उत्तर लिखें।**

> किसी बरस प्रोफेसर की पत्नी अपने पति की कब्र पर फूल चढ़ाने आ जाती तब वह हाची के साथ सड़क पर बैठकर रोती रहती। और शायद उस मूक जानवर के प्रेम, समर्पण व प्रतीक्षा पर अचरज करती।

7. वाक्य विस्तार करें। 3

(स्टेशन में, प्रोफेसर का, रोज़)

हाची ने इंतज़ार किया।

...............................................

..............................................................

..........................................................................

8. हाची के इंतज़ार के बारे मे प्रोफेसर की पत्नी अपनी बेटी के नाम पत्र लिखकर बताती है। वह **पत्र** लिखें? 4

**सूचना : 'बाबा और बाबा की छड़ी' कविता का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 9 और 10 के उत्तर लिखें।**

> "एक कदम वो चलती है
> एक कदम वो चलता है
> बाबा और बाबा की छड़ी!
> दोनों में कोई अकेला चल नहीं सकता
> हाथ अगर छूटे तो दोनों गिर पड़ते हैं"

9. 'एक कदम वो चलता है।' यहाँ वो कौन है? 1

10. कवि और कविता का परिचय देकर कविता का **आशय** लिखें। 4

अथवा

स्कूल सभा में 'बाबा और बाबा की छड़ी' कविता का परिचय करने के लिए **टिप्पणी** लिखें।

**सूचना : 'जुलिया और लूना' कहानी का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 11 और 12 के उत्तर लिखें।**

> एक रोज़ कुछ हट्टे-कट्टे आदमी एक बड़े-से पेड़ को काटने पहुँचे1 एक लड़की ने उन्हें देख लिया। वह झट पेड़ पर चढ़ गई। आदमियों ने पहले उसे समझाया,फिर धमकाया, बहोत डराया।

11. 'उन्हें' में निहित सर्वनाम कौन-सा है? 1

12. उपर्युक्त प्रसंग के आधार पर जूलिया और आदमियों के बीच की संभावित **बातचीत** लिखें। 4

© State Assessment Cell – SCERT Kerala

**सूचना : 'हाची की कहानी' का यह अंश पढ़ें प्रश्न 13 से 15 तक के उत्तर लिखें।**

> हाची का अर्थ होता है आठ, वह अंक, जिसे पूरा जापान सौभाग्यशाली मानता है। लेकिन पिल्ला ऐसी मज़बूर हालत में था कि लगे , भाग्य का मारा है।

13. किस अंक को पूरा जापान सौभाग्यशाली मानता है? 1

क) एक ख) आठ

ग) मज़बूर घ) हालत

14. नमूने के अनुसार लिखें। 1

आदमी पेड़ काटेगा। आदमी पेड़ काटता है।

लड़की पेड पर चढ़ेगी। .........................।

15. खंभों के सही मिलान करें 3

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | प्रोफेसर हाची को | क | इंतज़ार करता है |
| आ | पत्नी अचरज | ख | घर लाता है |
| इ | हाची प्रोफेसर का | ग | ढूंढती है |
| | | घ | हो जाती है |

| क) | ख) | ग) | घ) |
|---|---|---|---|
| 1. अ, ख | 1. अ, ख | 1. अ, ख | 1. अ, घ |
| 2. आ, क | 2. आ, ख | 2. आ, घ | 2. आ, ग |
| 3. इ, ख | 3. इ, क | 3. इ, क | 3. इ, ख |

**सुचना : नीचे दिए खंड पढ़ें और प्रश्न 16 और 17 के उत्तर लिखें।**

> एक दिन शिरिन बहुत खुश होते हुए घर वापिस आई। उसने अपना बस्ता फेंका और चिल्लाती हुई बोली, "अम्मी एक अच्छी खबर है! अगले इतवार हमारा स्कूल हमें घुमाने ले जा रहा है! हम चिडियाघर जाएँगे और वहाँ इकट्ठे बैठकर पिकनिक मनाएँगे। शिरिन बहुत उत्साहित थी।

16. शिरिन खुश थी। क्यों ? 2

17. इस खंड के आधार पर दो प्रश्न बनाएँ? 2

© State Assessment Cell – SCERT Kerala